डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा अलिखित भाषाओं में मौखिक महाकाव्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नई दिल्ली 6 दिसंबर 2021। साहित्य अकादेमी "अलिखित भाषाओं में मौखिक महाकाव्य" विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 8-9 दिसंबर को कर रही है। अकादेमी के तृतीय तल पर स्थित सभाकक्ष में आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में छह सत्रों में देश भर के 21 विद्वान भाग लेंगे।

संगोष्ठी का बीज वक्तव्य प्रख्यात लेखक एवं विद्वान कपिल तिवारी जी द्वारा एवं मुख्य अतिथि वक्तव्य प्रख्यात भाषाविद कपिल कपूर द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस सत्र में साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष चंद्रशेखर कंबार, उपाध्यक्ष माधव कौशिक के साथ ही स्वागत वक्तव्य देने के लिए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव भी उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी का उद्देश्य मौखिक महाकाव्यों की परंपरा, उनकी ऐतिहासिकता और उनकी उन भाषाओं में उपस्थिति के बारे में जानने का है जिससे मौखिक महाकाव्यों के विकास को समझने में आसानी होगी।

दो दिवसीय इस संगोष्ठी में "भारतीय महाकाव्य मौखिक और लिखित", "उत्तर भारत के महाकाव्य", "उत्तर पूर्व के मौखिक महाकाव्य", "पश्चिमी और पूर्वी भारत के महाकाव्य" एवं दक्षिण भारत के महाकाव्य" विषयों पर क्रमश: कपिल तिवारी, बलवंत जानी, एस. मणि मैतेई, पांडुरंग आर. फालदेसाई एवं के. मुथुलक्ष्मी की अध्यक्षता में विचार विमर्श होगा।

(के श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in